माननीय श्री राम विचार नेताम जी (मंत्री, छ.ग. शासन) द्वारा अध्यक्ष महोदय की उपस्थिति में बैंक की नवीन शाखा "डिंडो" (क्षे.का. अम्बिकापुर) का लोकार्पण एवं शुभारंभ











वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रमुख उपलब्धियां

1. कुल व्यवसाय ₹30526.10 करोड़ (वित्तीय वर्ष 2024-25 ₹27851.06 करोड़)
2. अग्रिम स्तर ₹11811.63 करोड़ (वित्तीय वर्ष 2024-25 ₹9994.40 करोड़)
3. सीडी रेशियो 63.11% (वित्तीय वर्ष 2024-25 55.97%) 714 बीपीएस की वृद्धि।
4. शुद्ध लाभ ₹348.62 करोड़।
5. कासा जमा स्तर 68.63% पर (वित्तीय वर्ष 2024-25-69.90%)
6. अन्य आय ₹173.65 करोड़,
7. वित्तीय समावेशन
   (a) बैंक मित्र संख्या: 3404
   (b) बैंक मित्र सक्रियता दर 100.00%
8. आरआरबी उद्योगों में पीएमएसबीवाई में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में से एक 38.24 लाख नामांकन।
9. एसबीआई प्रायोजित आरआरबी में से एसबीआईएमएफ (SBIMF) में दूसरा स्थान।
10. क्रॉस सेलिंग कमीशन आय ₹25.45 करोड़ (वित्तीय वर्ष 2025-26)।
11. एसबीआई लाइफ एलओई (MDRT) कॉन्टेस्ट में 198 सीआईएफ (CIF) एवं शाखा प्रबंधक (BM) अर्हताप्राप्त (Qualified) तथा एसबीआई प्रायोजित आरआरबी (RRBs) में प्रथम स्थान।
12. एसबीआई जनरल बिजनेस से ₹5.08 करोड़ कमीशन आय।
13. चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में शुद्ध एनपीए 0% पर बनाए रखा गया है।
14. चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में राइट ऑफ वसूली ₹11.96 करोड़ है।

15 आईटी पहल-

a. छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक (सीजीबी), पहला एस.बी.आई-प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आर.आर.बी), ने यूपीआई मर्चेंट क्यूआर साउंडबॉक्स और रियल-टाइम यूपीआई मर्चेंट अकाउंट सेटलमेंट सिस्टम लागू किया, जिससे ग्राहक किसी भी बैंक के क्यूआर कोड का उपयोग करके तेज़, सुरक्षित और कैशलेस लेनदेन करने में सक्षम हुए। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन और डिजिटल सशक्तिकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

b. बैंक ने आर.बी.आई-अनिवार्य ".bank.in" डोमेन पर भी माइग्रेट किया और अपने संपूर्ण डिजिटल इकोसिस्टम को cgb.bank.in डोमेन पर माइग्रेट करने वाला पहला आर.आर.बी बन गया। इस माइग्रेशन में बैंक की आधिकारिक वेबसाइट, इंटरनेट रिटेल बैंकिंग, कॉर्पोरेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म और ईमेल डोमेन शामिल हैं, जो एक अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करता है।

c. बैंक ने कॉर्पोरेट बैंकिंग ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक कॉर्पोरेट मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन भी लॉन्च किया। यह एप्लिकेशन मोबाइल उपकरणों पर एक निर्बाध, सुविधाजनक

और सुरक्षित बैंकिंग अनुभव प्रदान करता है, जो मौजूदा कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध समान कार्यक्षमताएं प्रदान करता है और साथ ही एक सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग वातावरण सुनिश्चित करता है।

साइबर सुरक्षा और नेटवर्क सुरक्षा को मजबूत करने और बढ़ाने के लिए, बैंक ने अपनी सभी शाखाओं और कार्यालयों में नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल (एनएसी) लागू किया है। यह पहल सुरक्षित नेटवर्क पहुंच सुनिश्चित करती है, एंडपॉइंट सुरक्षा में सुधार करती है, और बैंक के आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को अनधिकृत पहुंच और साइबर खतरों से बचाने में मदद करती है।

d. बैंक ने सभी कर्मचारियों के लिए उन्नत मानव संसाधन सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक एंड-टू-एंड ई-एचआरएमएस पोर्टल और एक मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया है। यह प्लेटफॉर्म मानव संसाधन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करता है, परिचालन दक्षता में सुधार करता है, और कर्मचारियों को कभी भी और कहीं भी मानव संसाधन से संबंधित सेवाओं तक सुविधाजनक पहुंच प्रदान करता है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में यूपीआई लेनदेन में साल-दर-साल 40.98% की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो विभिन्न ग्राहक वर्गों में रियल-टाइम डिजिटल भुगतान समाधानों के बढ़ते विश्वास और व्यापक रूप से अपनाए जाने को रेखांकित करती है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में सीएसपी टर्मिनलों पर माइक्रो एटीएम लेनदेन में 62.64% की वृद्धि हुई, जो ग्राहकों की अधिक भागीदारी और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के सुविधा-संचालित उपयोग को रेखांकित करती है।

डिजिटल लेनदेन की हिस्सेदारी लगातार बढ़ती रही, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 86.61% से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 88.79% हो गई, जो डिजिटल चैनलों के लिए ग्राहकों की मजबूत और बढ़ती प्राथमिकता को दर्शाती है।


अनुक्रमणिका / INDEX

बैंक का कार्य निष्पादन	27
निदेशक मंडल का प्रतिवेदन	37
PERFORMANCE OF THE BANK AT A GLANCE	81
REPORT OF THE BOARD OF DIRECTORS	91
अंकेक्षक का प्रतिवेदन / AUDITOR'S REPORT	131
तुलन पत्रक / BALANCE SHEET - 31.03.2026	136
लाभ-हानि खाता / PROFIT & LOSS ACCOUNT	137
अनुसूची 1-18 / SCHEDULES 1-18	138

भारतीय रिज़र्व बैंक नागपूर के सहयोग से कॉर्पोरेट कार्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में CLEAN NOTE POLICY ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमे बैंक के कुल 769 कार्यालय सहायकों को क्लीन नोट पॉलिसी के संबंध में ट्रेनिंग प्रदान किया गया











बैंक की वित्तीय स्थिति:

(राशि लाख में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2024	31.03.2025	31.03.2026
I	**प्रमुख प्रदर्शन संकेतक**			
1	**कवर किये गये जिलों की संख्या**	33	33	33
2	**शाखाओं की संख्या**	613	617	627
2.1	ग्रामीण	491	494	504
2.2	अर्ध शहरी	79	80	80
2.3	शहरी	43	43	43
2.4	महानगर	0	0	0
3	**कुल स्टाफ़ (प्रायोजक बैंकों के स्टाफ़ को छोड़कर)**	2276	2490	2476
3.1	जिसमें से अधिकारी हैं	1311	1461	1646
4	**जमा**	1624773.86	1785666.74	1871447.33
4.1	वृद्धि %	13.34%	9.90%	4.80%
5	**बकाया उधार**	106874.55	121465.16	182015.50
5.1	वृद्धि %	-12.16%	13.65%	49.85%
6	**बकाया ऋण एवं अग्रिम**	803367.70	999439.64	1181163.02
6.1	वृद्धि %	25.21%	24.41%	18.18%
6.2	उपरोक्त 6 में से प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम	481520.12	565479.47	738420.29
6.3	उपरोक्त 6 में से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम	108590.90	119268.22	143234.16

6.4	उपरोक्त 6 में से एसएफ/एमएफ/भूमि मजदूरों को प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम	120457.19	135674.89	234162.42
6.5	उपरोक्त 6 में से अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम	15462.62	17360.03	23479.12
7	**अग्रिम - जमा अनुपात**	49.44%	55.97%	63.11%
8	**बकाया निवेश सावधी जमा सहित**	1015860.62	1012847.98	1003677.17
8.1	वृद्धि %	3.47%	-0.30%	-0.91%
8.2	एस.एल.आर निवेश बकाया	635458.32	611679.19	565420.18
8.3	गैर एस.एल.आर निवेश बकाया	18124.85	18024.85	18024.85
8.4	अन्य बैंको में स्थित सावधी जमा	362277.45	383143.94	420232.14
II	**औसत**			
9	**औसत जमा**	1493823.23	1694936.84	1798833.30
9.1	वृद्धि %	12.17%	13.46%	6.13%
10	**औसत अग्रिम**	101885.37	108808.76	145638.60
10.1	वृद्धि %	18.36%	6.80%	33.85%
11	**औसत ऋण एवं अग्रिम**	722684.70	898141.60	1094156.90
11.1	वृद्धि %	26.33%	24.28%	21.82%
12	**औसत निवेश**	927351 .98	991482.49	954541.47
12.1	वृद्धि %	8.45%	6.92%	-3.73%
12.2	औसत निवेश	579543.30	636881.97	566369.54
12.3	वृद्धि %	-8.76%	9.89%	-11.07%

12.4	औसत गैर-एसएलआर निवेश एवं अन्य बैंकों में स्थित सावधी जमा	347808.68	354600.52	388171.93
12.5	वृद्धि %	39.28%	1.92%	8.65%
13	**औसत कार्यशील निधि**	1835086.06	2039088.08	2224813.41
III	**वर्ष के दौरान किये गये ऋण वितरण**			
14	**कुल ऋण**	600275.19	842283.22	762179.46
14.1	वृद्धि %	7.76%	40.32%	-9.51%
14.2	प्राथमिकता क्षेत्र में वितरित ऋण	419209.96	582305.82	550036.43
14.3	उपरोक्त 14 में से अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति को प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम	108476.41	113967.16	80085.64
14.4	उपरोक्त 14 में से एसएफ/ एमएफ/भूमि मजदूरों को प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम	111948.33	108638.08	206655.78
14.5	उपरोक्त 14 में से अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम	5572.18	5469.87	5092.04
14.6	उपरोक्त 14 में अल्पसंख्यकों को	16901.46	20072.61	19675.43
IV	**उत्पादकता**			
15	**प्रति शाखा**	3961.08	4513.95	4868.60
16	**प्रति कर्मचारी**	1066.85	1118 52	1232.88
V.	**वसूली प्रदर्शन**			
17	**कुल वसूली**			
17.1	माँग	339798.53	427696.54	491851.01

17.2	वसूली	318702.63	401446.25	462663.19
17.3	अतिदेय	21095.90	26250.29	29187.82
17.4	रिकवरी % (जून स्थिति)	93.79%	93.86%	94.07%
18	**कृषि क्षेत्र**			
18.1	माँग	155442.31	195462.10	224781.41
18.2	वसूली	141454.99	178041.51	205747.74
18.3	अतिदेय	13987.32	17420.59	19033.67
18.4	रिकवरी % (जून स्थिति)	91.00%	91.08%	91.53%
19	**गैर कृषि क्षेत्र**			
19.1	माँग	184356.22	232234.44	267069.60
19.2	वसूली	177247.64	223404.74	256915.45
19.3	अतिदेय	7108.58	8829.70	10154.15
19.4	रिकवरी % (जून स्थिति)	96.14%	96.19%	96.19%
20	**संपत्ति वर्गीकरण**			
20.1	a) मानक संपत्ति	787293.49	977999.21	1157506.17
20.2	b) अवमानक संपत्ति	9494.30	12522.14	12417.06
20.3	c) संदिग्ध संपत्ति	6511.23	8812.97	11236.85
20.4	d) हानि संपत्ति	68.68	105.32	2.94
20.5	कुल	803367.70	999439.64	1181163.02
21	**ऋण की तुलना में मानक संपत्ति का अनुपात**	98.00%	97.85%	98.00%
21.1	सकल एनपीए	16074.21	21440.43	23656.86
21.2	सकल एनपीए%	2.00%	2.15%	2.00%

21.3	शुद्ध एनपीए	0.00	0.00	0.00
21.4	शुद्ध एनपीए%	0.00%	0.00%	0.00%
21.5	प्रावधान कवरेज अनुपात (PCR)	100.00%	100.00%	100.00%
VI.	**लाभप्रदता विश्लेषण**			
22	**ब्याज का भुगतान**			
22.1	जमा	57210.84	66574.86	71156.10
22.2	उधार	5457.44	5315.02	7415.09
22.3	अन्य	0.00	0.00	0.00
23	**वेतन**	29476.16	33234.98	35637.50
24	**अन्य परिचालन व्यय**	13537.03	17876.37	20821.06
25	**वर्ष के दौरान किया गया प्रावधान**			
25.1	एनपीए के विरुद्ध प्रावधान	4345.12	6594.69	4487.51
25.2	मानक परिसंपत्तियों के विरुद्ध	442.16	673.73	825.75
25.3	धोखाधड़ी के लिए प्रावधान	0.00	9.52	5.48
25.4	अन्य प्रावधान (रिवर्सल)	-1274.44	-121.41	0.00
25.5	निवेश के लिए प्रावधान (एम से एम)	87.24	0.00	0.20
25.6	बकाया वेतन के लिए प्रावधान	5000.00	3899.50	1000.00
25.7	पेंशन निधि के लिए प्रावधान	1612.00	20601.87	4310.84
25.8	एनपीएस - नियोक्ता के योगदान के लिए प्रावधान	0.00	1439.27	0.00
25.9	कुल व्यय और प्रावधान	115893.56	156098.39	145680.22
26	**प्राप्त ब्याज/आय**			
26.1	ऋण एवं अग्रिम	69710.22	84685.22	103921.10

26.2	एसएलआर निवेश	42206.06	46678.94	41668.47
26.3	गैर-एसएलआर निवेश	866.18	1646.49	1123.50
26.4	अन्य बैंकों में स्थित सावधी जमा	26484.82	27115.03	28559.73
26.5	आर.बी.आई (SDF)	422.13	444.91	279.53
26.6	आयकर रिफंड पर ब्याज	0.00	67.30	0.00
26.7	विविध आय	15645.81	15238.35	17364.87
27	**कुल आय**	155335.22	176533.24	192917.19
28	**लाभ/हानि**			
28.1	लाभ/हानि (कर से पहले)	39441.66	20434.85	47236.97
28.2	लाभ/हानि (कर के बाद)	29619.29	15263.38	34862.21
29	**अन्य सूचना**			
29.1	शेयर पूंजी	21589.11	21589.11	21589.11
30	**संचयी प्रावधान**			
30.1	एनपीए के विरुद्ध	16074.21	21440.43	23656.85
30.2	मानक परिसंपत्तियों के विरुद्ध	2371.63	3011.19	3836.94
30.3	अमूर्त संपत्तियों, धोखाधड़ी आदि के विरुद्ध	113.40	122.92	128.40
31	**वर्ष के दौरान बट्टे खाते में डाले गए ऋण**			
31.1	खातों की संख्या	7187	1580	1090
31.2	राशि	2831.09	959.43	2271.08
31.3	राइट-ऑफ़ खातों में वसूली	1424.64	1674.61	1196.48
32	**संचित लाभ / आरक्षित निधि**	122933.06	138196.43	173058.64
33	**बैंक मित्रों (BC) की संख्या**	3748	3383	3404

वित्तीय अनुपात

बैंक के कार्य-परिणाम को दर्शाने वाले महत्वपूर्ण वित्तीय अनुपात निम्नलिखित हैं

(राशि लाख में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2024	31.03.2025	31.03.2026
1	औसत कार्यशील पूंजी	1835086.06	2039088.08	2224813.41
2	अग्रिमों पर प्राप्ति	9.65%	9.43%	9.50%
3	निवेशों पर प्राप्ति	7.45%	7.49%	7.50%
4	जमा की लागत	3.83%	3.93%	3.96%
5	उधार की लागत	5.36%	4.88%	5.09%
6	निधियों की लागत	3.42%	3.53%	3.53%
7	निधियों पर प्रतिफल	7.56%	7.80%	7.89%
8	वित्तीय मार्जिन	4.15%	4.27%	4.36%
9	परिचालनात्मक लागत	2.34%	2.51%	2.54%
10	विविध आय	0.90%	0.86%	0.78%
11	परिचालनात्मक लाभ	2.71%	2.63%	2.60%
12	जोखिम/अन्य लागत	0.56%	1.62%	0.48%
13	शुद्ध मार्जिन	2.15%	1.01%	2.12%
14	संपत्तियों से प्रतिफल (ROA)	1.61%	0.75%	1.57%
15	पूंजी पर प्रतिफल (ROE)	22.83%	10.03%	19.67%
16	सकल आय दर	1.34%	0.59%	1.21%
17	व्यय अनुपात (लागत/आय)	46.42%	48.84%	54.02%
18	शुद्ध ब्याज मार्जिन	4.62%	4.61%	4.73%
19	सकल एनपीए	16074.21	21440.43	23656.86

20	शुद्ध एनपीए	0.00	0.00	0.00
21	एनपीए प्रावधान का सकल एनपीए से प्रतिशत (PCR)	100.00%	100.00%	100.00%
22	सकल एनपीए प्रतिशत	2.00%	2.15%	2.00%
23	शुद्ध एनपीए प्रतिशत	0.00%	0.00%	0.00%
24	पूंजी पर्याप्तता अनुपात	17.59%	15.98%	16.51%
25	प्रति शेयर आय	7.73	5.66	12.90
26	प्रति शेयर बुक वैल्यू	66.94	74.01	90.16

Ratios as per NABARD DARPAN portal

27	इक्विटी पर रिटर्न (पीएटी / वर्तमान शुद्ध मूल्य)	20.49%	9.55%	17.91%
28	शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईआई / औसत कार्यशील कोष) (नेट इंटरेस्ट मार्जिन)	4.15%	4.27%	4.36%
29	लोन और एडवांस से आय (एडवांस पर कमाया गया ब्याज / नेट एडवांस)	8.85%	8.66%	8.98%
30	व्यय अनुपात	53.55%	73.63%	54.02%



अटल पेंशन योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु बैंक को PFRDA द्वारा सम्मानित किया गया

वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 10 नवीन ग्रामीण शाखाओं का शुभारम्भ किया गया जिनमे 4 शाखाएं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों (LWE) में खोली गई













UPLIFTING OF BRANCHES - ग्राहक सेवा में वृद्धि हेतु पुरानी शाखाओं को नए एवं वातानुकूलित शाखाओं में परिवर्तित तथा स्थानांतरित किया गया















निदेशक मण्डल का प्रतिवेदन

वर्ष 2025-26

छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक का निदेशक मण्डल, 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए बैंक का 13वां वार्षिक प्रतिवेदन, अंकेक्षित तुलन पत्रक, लाभ-हानि खाता तथा सांविधिक लेखा परीक्षक का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए हर्ष का अनुभव कर रहा है।

(1) परिचय

01 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के समय नवगठित राज्य में पांच क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कार्यरत थे। जिनमें से तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक यथा बिलासपुर रायपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, बिलासपुर (स्थापित 20 अक्टूबर 1976), बस्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक,जगदलपुर (स्थापित 15 दिसंबर 1979) एवं रायगढ़ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, रायगढ़ (स्थापित 31 जनवरी 1981) भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित थे। सरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अंबिकापुर (स्थापित 24 अक्टूबर 1979) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा तथा दुर्ग राजनांदगांव ग्रामीण बैंक, राजनांदगांव (स्थापित 12 मार्च 1980) देना बैंक द्वारा प्रायोजित थे।

भारत शासन (वित्त मंत्रालय) द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम 1976 (1976 का 21) की धारा 23(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 30 जून 2006 को अधिसूचना जारी की गयी। जिसके अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का समामेलन कर छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, रायपुर (शाखा संख्या 245) का गठन किया गया। इस प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य में तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कार्यरत रह गए।

भारत शासन (वित्त मंत्रालय) द्वारा उपरोक्त अधिनियम में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दिनांक 02 सितंबर 2013 को पुनः अधिसूचना जारी की गयी जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, सरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा दुर्ग -राजनांदगांव ग्रामीण बैंक) का समामेलन करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक (शाखा संख्या 555) का गठन किया गया तथा प्रधान कार्यालय, राजधानी रायपुर में रखा गया।

दिनांक 2 सितंबर, 2013 को नवगठित बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 08 मई 2014 को जारी अधिसूचना के द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की द्वितीय अनुसूची में शामिल किया गया है तथा बैंकिंग विनियम अधिनियम 1949 की धारा 5 (बी) के अंतर्गत समस्त बैंकिंग संव्यवहार करने हेतु अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक के रुप में वर्गीकृत किया गया है ।

(2) उद्देश्य

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम 1976 के अनुसार बैंक की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में कृषि , व्यापार, वाणिज्य, उद्योग एवं अन्य उत्पादनपरक कार्य कलापों के विकास हेतु, विशेषकर लघु व सीमान्त कृषकों, कृषि मजदूरों, ग्रामीण दस्तकारों एवं लघु उद्यमियों को साख एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना तथा उनमें बचत की आदत को बढ़ावा देना है। कालांतर में भारतीय रिजर्व बैंक नियमों के अंतर्गत बैंक द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्य उच्च मूल्य के ऋणों में भी वित्त पोषण किया जा रहा है। क्षेत्र में बढ़ती ऋण आवश्यकता की पूर्ति तथा उन्नत बैंकिंग सुविधा के सतत् विकास के प्रति बैंक समर्पित है । दक्षता के साथ ऋण विस्तार के द्वारा ग्रामीण विकास करना हमारा लक्ष्य है । बैंक अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु दृढ़ संकल्पित होकर सुदूरवर्ती एवं पहुंच विहीन क्षेत्रों में भी राज्य के समग्र विकास हेतु बैंकिंग सुविधा का विस्तार कर रहा है

(3) कार्य क्षेत्र

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की त्रिस्तरीय संरचना के अन्तर्गत बैंक का कॉर्पोरेट कार्यालय अटल नगर नवा रायपुर में स्थित है । कॉर्पोरेट कार्यालय के अधीन 11 क्षेत्रीय कार्यालय है, जिसके अन्तर्गत, सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में 627 नियमित शाखाएं कार्यरत हैं, जो छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 33 जिलों में फैली है।

कुल शाखाएं 627	ग्रामीण 504	अर्धशहरी 80	शहरी 43

क्र.	क्षेत्रीय कार्यालय	जिला	शहरी	अर्धशहरी	ग्रामीण	कुल शाखाएं
1	बलौदा बाज़ार	बलौदाबाजार-भाटापारा	0	4	13	17
		महासमुंद	0	5	12	17
		सारंगढ़-बिलाईगढ़	0	2	15	17
	उप-योग		**0**	**11**	**40**	**51**
2	रायपुर	रायपुर	13	4	15	32
		बेमेतरा	0	0	20	20
	उप-योग		**13**	**4**	**35**	**52**
3	धमतरी	धमतरी	0	4	17	21
		गरियाबंद	0	1	12	13
		कांकेर	0	3	16	19
	उप-योग		**0**	**8**	**45**	**53**
4	जगदलपुर	बस्तर	4	1	14	19
		बीजापुर	0	0	6	6
		दंतेवाड़ा	0	4	7	11
		कोंडागांव	0	2	15	17
		नारायणपुर	0	1	4	5
		सुकमा	0	1	8	9
	उप-योग		**4**	**9**	**54**	**67**
5	दुर्ग	दुर्ग	6	5	18	29
		बालोद	0	1	26	27
	उप-योग		**6**	**6**	**44**	**56**
6	राजनांदगांव	राजनांदगांव	2	2	25	29
		कबीरधाम	0	2	14	16
		अम्बागढ़ चौकी-मोहला-मानपुर	0	0	11	11
		खैरागढ़ छुइखदान-गंडई	0	2	6	8
	उप-योग		**2**	**6**	**56**	**64**
7	बिलासपुर	बिलासपुर	11	6	19	36
		गौरेला-पेंड्रा-मरवाही	0	2	4	6
		मुंगेली	0	2	8	10
	उप-योग		**11**	**10**	**31**	**52**
8	कोरबा	जांजगीर-चांपा	0	7	15	22
		कोरबा	2	5	9	16
		सक्ती	0	3	10	13
	उप-योग		**2**	**15**	**34**	**51**

9	रायगढ़	रायगढ़	5	3	29	37
		जशपुर	0	3	27	30
उप-योग			**5**	**6**	**56**	**67**
10	अम्बिकापुर	बलरामपुर	0	0	26	26
		सरगुजा	0	1	26	27
उप-योग			**0**	**1**	**52**	**53**
11	बैकुंठपुर	कोरिया	0	1	11	12
		मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर	0	1	11	12
		सूरजपुर	0	2	35	37
उप-योग			**0**	**4**	**57**	**61**
महायोग			**43**	**80**	**504**	**627**

हमारी कुल शाखाओ में से 7% शहरी , 13% अर्धशहरी एवं 80% ग्रामीण शाखाएं हैं।

(4) अंश पूंजी

(अ) पुनर्पूंजीकरण के लिए दी गई पूंजी सहायता के तहत, तय पूंजी अनुपात के अनुसार पहले के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs) के शेयरधारकों से कुल ₹210.89 करोड़ की राशि मिली थी। इसमें से ₹84.72 करोड़ छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक को, ₹6.34 करोड़ सरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को और ₹25.83 करोड़ दुर्ग-राजनांदगांव ग्रामीण बैंक को दिए गए। इसके बाद, डॉ. के. सी. चक्रवर्ती समिति की सिफारिशों के आधार पर, मार्च 2012 से लागू न्यूनतम 9% का 'पूंजी पर्याप्तता अनुपात (Capital Adequacy Ratio) बनाए रखने के लिए, पहले के बैंकों के संबंधित शेयरधारकों द्वारा और पुनर्पूंजीकरण किया गया। इसके तहत, पहले के छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक को ₹38.00 करोड़ और पहले के दुर्ग-राजनांदगांव ग्रामीण बैंक को ₹56.00 करोड़ की पूंजी सहायता दी गई। साथ ही, पहले के सरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और दुर्ग-राजनांदगांव ग्रामीण बैंक के प्रायोजक बैंकों—क्रमशः सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया और देना बैंक-द्वारा समय-समय पर दी गई शेयर पूंजी और शेयर पूंजी जमा राशि को मौजूदा प्रायोजक, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने वापस कर दिया है।

वित्तीय वर्ष 2014–15 तक, बैंक की अधिकृत शेयर पूंजी ₹5 करोड़ थी, जो ₹100 के 5 लाख इक्विटी शेयरों में विभक्त थी और निर्गमित एवं प्रदत्त पूंजी भी ₹5 करोड़ थी। RRB (संशोधन) अधिनियम, 2015 और भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (वित्तीय सेवा विभाग) की अधिसूचना संख्या 315 (F. No. 7/9/2011-RRB) दिनांक 04/02/2016 के अनुसार, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की प्राधिकृत शेयर पूंजी को ₹5 करोड़ से बढ़ाकर ₹2,000 करोड़ कर दिया गया, जो ₹10 के 200 करोड़ इक्विटी शेयरों में विभक्त थी।

ऊपर बताए गए संशोधन और नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (NABARD) की गाइडलाइंस के अनुसार, पुनर्पूंजीकरण के लिए कैपिटल सहायता के तौर पर तीनों शेयरहोल्डर्स से मिली ₹210.89 करोड़ की रकम (जिसे पहले शेयर कैपिटल डिपॉज़िट माना गया था) को 31/03/2016 को शेयर कैपिटल में बदल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप, बैंक की निर्गमित एवं प्रदत्त पूंजी ₹2,15,89,10,700 हो गई, जो ₹10 के 21,58,91,070 इक्विटी शेयरों में बंटी हुई है। शेयरधारिता संरचना में भारत सरकार, राज्य सरकार और स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया का योगदान क्रमशः 50%, 15% और 35% है।

इसके अनुसार, बैंक की कुल शेयरधारिता संरचना इस प्रकार है:

(राशि लाख में)

क्र.	अंश धारक	अंश	प्रदत्त पूंजी		
			2023-24	2024-25	2025-26
1	भारत सरकार	50%	10,794.55	10,794.55	10,794.55
2	राज्य सरकार	15%	3,238.37	3,238.37	3,238.37
3	भारतीय स्टेट बैंक	35%	7,556.19	7,556.19	7,556.19
	योग	**100%**	**21,589.11**	**21,589.11**	**21,589.11**

(b) शुद्ध सम्पत्ति और पूंजी पर्याप्तता अनुपात : इस साल, बैंक की नेट वर्थ ₹1,946.48 करोड़ रही, जो पिछले साल की ₹1,597.85 करोड़ की तुलना में 21.82% की बढ़ोतरी दिखाती है, जबकि उससे पिछले साल यह बढ़ोतरी 10.56% थी। साल का परिचालन लाभ ₹578.87 करोड़ रहा, जबकि पिछले साल यह ₹535.32 करोड़ था। शुद्ध लाभ ₹348.62 करोड़ रहा, जबकि पिछले साल यह ₹152.63 करोड़ था।
NPA प्रावधान की राशि में बढ़ोतरी के कारण, प्रोविज़न कवरेज रेश्यो (PCR) 100.00% तक पहुँच गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक की दिशा निर्देशों और पूंजी पर्याप्तता नियमों के पालन में, बैंक ने तुलन पत्र में शेड्यूल 18 के तहत कैपिटल टू रिस्क-वेटेड एसेट्स रेश्यो (CRAR) की जानकारी दी है। 31 मार्च, 2026 तक, बैंक का CRAR 16.51% है, जो नियामक आवश्यकताएं से काफी ज़्यादा है।

(c)कुल व्यवसाय : वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, बैंक ने कुल कारोबार में 9.60% (₹2,675.03 करोड़) की मज़बूत बढ़ोतरी हासिल की, जिससे उसका कुल कारोबार 2024–25 के ₹27,851.06 करोड़ से बढ़कर ₹30,526.10 करोड़ हो गया। पिछले वित्तीय वर्ष 2024–25 में, बैंक ने ₹3,569.65 करोड़ (14.70%) की बढ़ोतरी दर्ज की थी। निरंतर और केंद्रित कोशिशों की वजह से, बैंक ने साल के दौरान जमा में 4.80% की सकारात्मक बढ़ोतरी और ऋण एवं अग्रिम में 18.18% की मज़बूत बढ़ोतरी दर्ज की। परिणामस्वरूप , बैंक के तुलन पत्र का आकार ₹21,363.50 करोड़ (पिछले साल) से बढ़कर ₹23,132.73 करोड़ हो गया, जिसमें ₹1,769.19 करोड़ (8.28%) की बढ़ोतरी हुई। साल के दौरान हासिल हुई कुल ₹2,675.03 करोड़ की व्यवसाय वृद्धि में से, जमा खंड का योगदान 32.07% (₹857.80 करोड़) रहा, जबकि ऋण एवं अग्रिम खंड का योगदान 67.93% (₹1,817.23 करोड़) रहा; इसकी तुलना में वित्तीय वर्ष 2024–25 में ये आंकड़े क्रमशः 45% और 55% थे।

(d) व्यावसायिक बाजार हिस्सेदारी : ऋण एवं अग्रिम में ज़बरदस्त वृद्धि के कारण, बैंक ने अपने ऋण पोर्टफोलियो के बाजार हिस्सेदारी में सकारात्मकऔर निरंतर बढ़ोतरी दर्ज की है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंत तक, बैंक का ऋण बाजार हिस्सेदारी पिछले साल के 4.27% से बढ़कर 4.36% हो गया। इसी दौरान, बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, बैंक ने जमा खंड में 5.44% (पिछले साल 5.75%) और कुल व्यवसाय में 4.97% (पिछले साल 5.11%) का मज़बूत और बड़ा बाजार हिस्सेदारी बनाए रखा।

(e) निवेश-जमा अनुपात : वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने कुल मुनाफ़ा बढ़ाने पर ध्यान देते हुए अपने निवेश पोर्टफोलियो को बेहतर बनाना जारी रखा। कम प्रतिफल वाले निवेश में लगाए गए पूंजी को रणनीतिक रूप से ज़्यादा प्रतिफल देने वाली एसेट्स में लगाया गया, जिसमें सरकारी प्रतिभूति और दूसरे बैंकों के साथ अल्पकालिक सावधि जमा शामिल हैं, जिससे निवेश पोर्टफोलियो की कमाई की क्षमता बेहतर हुई। साथ ही, बैंक ने अपने क्रेडिट पोर्टफोलियो को बढ़ाने और अग्रिम-जमा (CD) रेश्यो को बेहतर बनाने पर अपना रणनीतिक ज़ोर बनाए रखा। ऋण एवं अग्रिम में मज़बूत वृद्धि (जो जमा की वृद्धि से ज़्यादा थी) के कारण, जमा का एक बड़ा हिस्सा लेंडिंग गतिविधियों में लगाया गया। नतीजतन, 31 मार्च 2026 तक निवेश-जमा अनुपात घटकर 53.63% हो गया, जो मार्च 2025 में 56.72% और मार्च 2024 में 62.52% था। यह बैंक की सोच-समझकर अपनाई गई संपत्ति आवंटन रणनीति को दिखाता है, जिसमें बैंक के बिज़नेस ग्रोथ के लक्ष्यों के अनुसार निवेश से होने वाली आय और ज़्यादा प्रतिफल देने वाले ऋण वितरण के बीच संतुलन बनाया गया है, साथ ही पर्याप्त तरलता और नियामक नियमों का पालन भी सुनिश्चित किया गया है।

(5) जमा

बैंक की कार्यशील निधियों का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत जमा राशियां हैं। जमा आधार को मज़बूत करने के लिए बैंक द्वारा वर्ष भर निरंतर और समर्पित प्रयास किए गए हैं। बाजार की चुनौतीपूर्ण और प्रतिस्पर्धी स्थितियों के बीच, बैंक ने इस वर्ष 4.80% (₹857.80 करोड़) की निरंतर जमा वृद्धि दर्ज की है। पिछले वर्ष 9.90% (₹1,608.93 करोड़)की वृद्धि दर्ज की गई थी।
बैंक ने लागू नियमों का पालन करते हुए, तय समय-सीमा के भीतर DICGC को डिपॉज़िट इंश्योरेंस प्रीमियम का भुगतान कर दिया है। दिनांक 31 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार, बैंक में 2,476 प्रतिबद्ध सेवायुक्त कार्यरत हैं। प्रति कर्मचारी जमा में ₹38.69 लाख की वृद्धि दर्ज की गई है (यह वृद्धि गत वर्ष ₹3.26 लाख थी) । प्रति शाखा जमा में गत वर्ष के ₹243.58 लाख की तुलना में ₹90.65 लाख की वृद्धि की गई है। जमा का तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार है :

(राशि लाख में)

क्र.	विवरण	31.03.2024	31.03.2025	31.03.2026
1	कुल जमा	1624773.86	1785666.74	1871447.33
2	i) मांग जमा	1148697.27	1248270.15	1284340.62
3	ii) सावधि जमा	476076.59	537396.59	587106.71
4	iii) मांग जमा, सावधि जमा अनुपात	71:29	70:30	69:31
5	प्रति कर्मचारी जमा	713.87	717.14	755.83
6	प्रति शाखा जमा	2650.53	2894.11	2984.76
7	ओसत जमा	1493823.23	1694936.84	1798833.30
8	जमा पर ब्याज का भुगतान	57210.84	66574.86	71156.10
9	जमा की औसत लागत	3.83%	3.93%	3.96%
10	कुल पीएमजेडीवाई खाता संख्या	4919816	5249301	5357594

(अ) बुनियादी बचत बैंक जमा खाता : वित्तीय समावेशन के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देश पर नो फ्रिल खाते के स्थान पर ग्राहकों का "बुनियादी बचत बैंक जमा खाता" खोला जा रहा है जिसमें न्यूनतम शेष की अपेक्षा नहीं है। इसके अंतर्गत ग्राहकों को नगद व इलेक्ट्रॉनिक भुगतान/आहरण, एटीएम तथा चेक्स, ड्राफ्ट इत्यादि के जमा/संग्रहण की सुविधा उपलब्ध है।
(ब) सेविंग्स बैंक प्लस योजना : जमाकर्ताओ को उनकी जमा राशि पर अधिकतम लाभ देने के उद्देश्य से दिनांक 11.12.2013 से बैंक में ऑटो स्वीप सुविधा लागू की गयी है। इसके अंतर्गत जमाकर्ता द्वारा निर्धारित न्यूनतम जमा शेष से अधिक राशि स्वतः सावधि जमा के रूप में निवेशित हो जाती है।

(6) जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता निधि

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रवर्तित जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरुकता निधि (DEAF) योजना 2014 लागू की गई है। इस योजना के तहत ऐसे जमा खाते जिनमें पिछले 10 वर्षों से लेन/देन नहीं हुआ है, अदावी जमा खाता मानकर इन खातों की जमा शेष राशि भारतीय रिजर्व बैंक के जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरुकता निधि में अंतरित कर दी जाती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक द्वारा 87,440 दावारहित जमा खातों से संबंधित ₹29.22 करोड़ की राशि DEAF (जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता निधि) में

स्थानांतरित की गई।इसी अवधि के दौरान 7,484 खातों से संबंधित ₹16.32 करोड़ के दावे प्राप्त हुए, जिनका निपटान DEAF से प्रतिपूर्ति प्राप्त कर किया गया, जिससे पात्र जमाकर्ताओं को उनकी देय राशि का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जा सका। विगत वित्तीय वर्ष में जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरुकता निधि निम्नानुसार अंतरण तथा दावा प्राप्त हुआ है-

(राशि लाख में)

क्र.	विवरण	2023-24	2024-25	2025-26
1	डीईएएफ में ट्रांसफर की गई राशि का ओपनिंग बैलेंस	641.64	665.78	10932.62
2	जोड़ें: वर्ष के दौरान डीईएएफ में ट्रांसफर की गई राशि	24.73	10290.01	2921.51
3	घटाएं: क्लेम के बदले डीईएएफ द्वारा रीइंबर्स की गई राशि	0.59	23.17	1631.85
4	डीईएएफ में ट्रांसफर की गई राशि का क्लोजिंग बैलेंस	665.78	10932.62	12222.28

(7) पुनर्वित्त एवं उधार

(अ) पुनर्वित्त : हमारे द्वारा न्यूनतम दर पर अधिकाधिक कार्यशील पूंजी प्राप्त करने के प्रयास किये गये है । वित्तीय वर्ष के दौरान विभिन्न संस्थाओं से कुल ₹159064.11 लाख का पुनर्वित्त लिया गया है। बैंक द्वारा पुनर्वित्त के भुगतान में कोई चूक नहीं की गयी है। पुनर्वित्त की स्थिति निम्नानुसार है

(राशि लाख में)

क्र.	संस्था का नाम	31-03-2025 को बकाया	चालू वर्ष के दौरान			31-03-2026 को बकाया
			भुगतान		प्राप्ति	
			मूलधन	ब्याज		
1.	नाबार्ड-योजनान्तर्गत					
	योजनाबद्ध	30663.54	12283.33	1759.36	30615.34	48995.55
	अल्पकालीन (एसटी-एसएओ)	24200.00	24200.00	1291.12	25000.00	25000.00
	अल्पकालीन (एसएलएफ के तहत एसटी-एसएओ)	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	अल्पकालीन (अतिरिक्त एसटी-एसएओ)	17700.00	57700.00	1556.32	80000.00	40000.00
2.	राष्ट्रीय आवास बैंक	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
3.	भारतीय स्टेट बैंक से अधिविकर्ष	19986.08				23844.38
4.	एनबीसीएफडीसी	4360.80	815.71	174.06	1999.26	5544.35
5.	एनएसटीएफडीसी	585.69	267.22	28.36	1192.12	1510.59
6.	एनएसएफडीसी	674.05	259.82	24.11	692.39	1106.62
7.	मुद्रा पुनर्वित्त	9295.00	846.00	525.69	0.00	8449.00
8.	सिडबी पुनर्वित्त	14000.00	6000.00	1178.04	19565.00	27565.00
	योग	**101479.08**	**102372.08**	**6537.06**	**159064.11**	**158171.11**

(ब) उधार : वित्तीय वर्ष 2025-26 में, हमारे बैंक ने SIDBI से 5.78% (लगभग) ब्याज दर पर ₹195.65 करोड़ का पुनर्वित्त लिया गया है। यह राशि उन योजनाओं के लिए दिया गया है जिनके तहत हम सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को ऋण देते हैं। इसका उद्देश्य बैंक की तरलता बढ़ाना और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को अधिक से अधिक कर्ज उपलब्ध कराना है।

इसके अतिरिक्त, कॉर्पोरेट कार्यालय में आकस्मिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भारतीय स्टेट बैंक की सावधि जमा रसीदों के विरूद्ध ₹505.55 करोड़ की अधिविकर्ष सीमा भी स्वीकृत कराई गई है।

(8) रोकड़ प्रबंधन एवं बैंकों में अतिशेष

रोकड़ प्रबंधन एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जो बैंक की लाभप्रदत्ता पर सीधे प्रभाव डालता है। बैंक द्वारा नगद राशि को न्यूनतम स्तर पर रखने का हरसंभव प्रयास किया जाता है। शाखाओं की दैनिक परिचालनात्मक आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए तथा बैंक की लाभप्रदता के परिप्रेक्ष्य में कॉपरिट कार्यालय द्वारा शाखाओं के लिये नगद राशि सीमा एवं अन्य व्यवसायिक बैंकों के साथ चालू खाता में जमाराशि की सीमा तय की जाती है तथा उसका अनुवर्तन एवं आवधिक समीक्षा की जाती है। इस वर्ष रोकड़ प्रबंधन को तर्कसंगत बनाया गया है। बेहतर रोकड़ प्रबंधन के परिणामस्वरूप आलोच्य वर्ष के दौरान औसत रोकड़ का औसत जमा से अनुपात 0.46% है जो कि गत वर्ष 0.54% था। बैंक द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य बैंकों में रखी गई राशि का विवरण निम्नानुसार है :-

(राशि लाख में)

क्र.	विवरण	31.03.2024	31.03.2025	31.03.2026
1	रोकड़ शेष	6863.60	6633.16	6592.56
2	औसत रोकड़ शेष	8038.71	7763.13	8423.43
3	औसत जमा के विरुद्ध ओसत रोकड़ शेष प्रतिशत	0.54%	0.46%	0.47%
4	भारतीय स्टेट बैंक/अन्य बैंकों के चालू खातों में जमा	2610.47	3233.46	18416.87
5	भारतीय रिजर्व बैंक के चालू खातों में जमा	82037.58	85426.62	56485.18
6	भारतीय स्टेट बैंक/अन्य बैंकों में सावधि जमा	362277.45	383143.94	420232.14

(9) विनियोजन

(अ) बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 24 के अनुपालन हेतु एसएलआर निवेश शासकीय प्रतिभूतियों में किया गया है। गैर एसएलआर निवेश बैंक द्वारा लाभार्जन क्षमता में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए युक्ति पूर्ण निवेश (अन्य बैंकों में सावधि जमा, बाण्ड, म्युचुअल फण्ड) किया गया है। बैंक ने ₹30.25 करोड़ एसबीआई म्युचूअल फंड में निवेश किये हैं। इन निवेशों से बैंक की निवेश आय में वृद्धि होने की आशा है।

(राशि लाख में)

क्र.	विवरण	31.03.2024	31.03.2025	31.03.2026
1	एस एल आर निधियां			
	a) अनुमोदित शासकीय निधियों में निवेश	6,35,458.32	6,11,679.19	5,65,420.18
	b) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश	0.00	0.00	0.00

(राशि लाख में)

क्र.	विवरण	31.03.2024	31.03.2025	31.03.2026
2	गैर-एसएलआर निधियाँ			
	a) अनुमोदित शासकीय निधियों में निवेश	0.00	0.00	0.00
	b) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश	18124.85	18024.85	18024.85

(राशि लाख में)

3	अन्य बैंकों में स्थित सावधी जमा का विवरण			
	i) भारतीय स्टेट बैंक में सावधि जमा	61,477.45	62,643.94	71,832.14
	ii) अन्य वाणिज्यिक बैंक			
	a) एक्सिस बैंक लिमिटेड	1,00,000.00	60,000.00	80,000.00
	b) एचडीएफसी बैंक	25,000.00	20,000.00	0.00
	d) इंडसइंड बैंक	0.00	0.00	15,000.00
	e) फेडरल बैंक	0.00	20,000.00	35,500.00
	f) बंधन बैंक	40,000.00	40,100.00	30,100.00
	g) पंजाब नेशनल बैंक	45,000.00	10,000.00	50,000.00
	h) आईसीआईसीआई बैंक	20,000.00	35,000.00	15,000.00
	i) आईडीएफसी बैंक	30,300.00	40,400.00	31,300.00
	j) यस बैंक	40,500.00	35,000.00	47,500.00
	k) तेलंगाना ग्रामीण बैंक	0.00	10,000.00	0.00
	l) तमिलनाडु ग्रामीण बैंक	0.00	10,000.00	0.00
	m) आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक	0.00	10,000.00	0.00
	n) डीसीबी बैंक	0.00	10,000.00	14,000.00
	o) एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक	0.00	10,000.00	15,000.00
	p) आरबीएल बैंक	0.00	0.00	5,000.00
	q) उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक	0.00	10,000.00	10,000.00
योग		**3,62,277.45**	**3,83,143.94**	**4,20,232.14**

बैंक द्वारा सम्पत्ति देयता प्रबन्धन के परिपेक्ष्य में लाभप्रदता में वृद्धि एवं जोखिम को कम करने की दृष्टि से युक्ति पूर्ण विनियोजन किया गया है।
विवरण निम्नानुसार है-

(राशि लाख में)

क्र.	विवरण	31.03.2024	31.03.2025	31.03.2026
1	औसत निवेश (बैंकों में जमा शेष को मिलाकर)	927351.98	991482.49	954541.47
	i) औसत एसएलआर निवेश	579543.30	636881.97	566369.54
	ii) गैर-एसएलआर निवेश एवं अन्य बैंकों में सावधि जमा सहित औसत	347808.68	354600.52	388171.93
2	निवेश पर ब्याज आय	74,238.87	74,238.87	71,631.23
	i) एसएलआर निवेश	42,411.37	46,678.93	41,668.47
	ii) गैर एसएलआर निवेश एवं सावधि जमा	26,484.82	27,559.94	29,683.23
3	निवेश पर प्राप्ति दर	7.45%	7.49%	7.50%
	i) एसएलआर निवेश	7.32%	7.33%	7.36%
	ii) गैर एस एल आर निवेश एवं सावधि जमा	7.61%	7.77%	7.65%

(ब) निवेश नीति : वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक की अद्यतन निवेश नीति बनायी गयी है।

(10) केंद्रीकृत ऋण प्रसंस्करण सेल (CLPC)

बैंक में उच्च मूल्य वर्ग के गुणवत्तायुक्त एसएमई ऋण को बढ़ावा देने एवं बैंक के CD ratio में वृद्धि करने हेतु वित्तीय वर्ष 2020-21 में कॉर्पोरेट कार्यालय में सीएलपीसी का गठन किया गया। सेल द्वारा एसएमई ऋण हेतु बैंक में जारी गाइडलाइंस की समीक्षा कर निम्नानुसार प्रोडक्ट हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं-

1. ₹10.00 लाख तक के एसएमई मुद्रा ऋण हेतु-CGB SME SIMPLIFIED
2. ₹10.00 लाख से अधिक एवं ₹1.00 करोड़ तक के एसएमई ऋण हेतु-CGB SME SMART SCORE
3. ₹1.00 करोड़ से अधिक के एसएमई ऋण हेतु-CGB SME HIGH VALUE
4. ₹10.00 लाख से ₹10.00 करोड़ तक के एसएमई ऋण हेतु-CGB SME ABL (Asset Backed Loan)
5. व्यवसायिक भवन निर्माण हेतु ऋण ₹5.00 करोड़ तक-CGB SHOPEE
6. भवन किराया के विरुद्ध ऋण ₹10.00 लाख से ₹5.00 करोड़ तक-LAR (Loan against Rent)

उक्त प्रोडक्ट में CGB SME SIMPLIFIED कोलेटरल फ्री ऋण प्रोडक्ट है, CGB SME SMART SCORE, Simple Scoring Model है एवं CGB SME HIGH VALUE, CRA(Credit Risk Assessment) Model है। CGB SME ABL(Asset Backed Loan) For Partnership Firm/Companies upper Limit ₹10.00 Cr and for others upper limit ₹ 5.00 Cr. कोलेटरल के विरुद्ध सरलतम एसएमई ऋण है जिसके अंतर्गत Drop Line OD या CC Limit सुविधा है। व्यवसायिक भवन निर्माण/दुकान क्रय/आंतरिक साज-सज्जा हेतु CGB SHOPEE है। भवन किराया के विरुद्ध ₹10.00 लाख से ₹5.00 करोड़ तक के लिए LAR (Loan Against Rent) है।

एसएमई प्रोडक्ट हेतु उक्त दिशा-निर्देश जारी होने के बाद जहां शाखाओं को ऋण स्वीकृति के संबंध में निर्णय लेने में सुविधा हो रही है वहीं ऋण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बैंक स्तर पर वर्ष के दौरान एसएमई ऋण में ₹772.00 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई जो कि गत वर्ष की तुलना में 22% अधिक है।

कॉर्पोरेट कार्यालय क्रेडिट कमेटी द्वारा भी उच्च मूल्य वर्ग के गुणवत्तायुक्त ऋण प्रकरणों की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसमे मे. आरती कोलोंनाईजर्स रायपुर को ₹9.00 करोड़, मे. महादेव वेंचर्स रायपुर को ₹14.00 करोड़ एवं मे. शंखनिल रिलेटर्स रायपुर को ₹14.00 करोड़, मे. राज ग्लास बिलासपुर , राजनांदगांव को ₹8.00 करोड़, मे. श्री राम पैलेस होटल एंड रिसॉर्ट्स को ₹12.00 करोड़, मे. सुयश बिल्डकान, दुर्ग को ₹10.00 करोड़, मे. राधा कृष्ण वाटर पार्क अंबिकापुर को ₹9.10 करोड़, श्री अनंत रियलिटी बिलासपुर को रु. 10.00 करोड़ के ऋणों की स्वीकृति शामिल है। जो कि गत वर्ष की तुलना में 49% अधिक है।

कॉर्पोरेट कार्यालय क्रेडिट कमेटी द्वारा विगत वर्षो में स्वीकृति ऋण राशि –

वित्तीय वर्ष	स्वीकृत राशि (करोड़ में)
2020–21	19.88
2021–22	40.13
2022–23	83.05
2023–24	131.75
2024–25	196.28
2025–26	387.61

(11) परिसंपत्ति प्रबंधन केंद्र (AMH)

भारतीय स्टेट बैंक, कार्पोरेट सेंटर, मुम्बई के निर्देशानुसार हमारे बैंक में भी हब एंड स्पोक मॉडल लागू किया गया है। प्रायोजक बैंक द्वारा अनुशंसित एंड स्पोक मॉडल के अनुसार शाखाओं को ऋण वितरण की क्षमता एवं बुनियादी ढांचा के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। एंड स्पोक मॉडल का प्रमुख उद्देश्य स्टाफ में विशेषज्ञता विकसित करना, प्रकरणों का समयबद्ध निपटान, ऋण प्रवाह एवं दस्तावेजीकरण प्रक्रिया में एकरुपता, एमआईएस का विश्लेषण कर व्यवसाय की संभावनाओं में वृद्धि, एनालिटिक्स के प्रयोग हेतु आधार (डेटा बेस)का निर्माण करना प्रमुख है।

भौगोलिक निकटता ,परिचालन सुविधा एवं व्यवसाय स्तर के आधार पर प्रत्येक हब ब्रांच एंड स्पोक ब्रांचेस को लिंक्ड किया गया है। ये स्पोक ब्रांचेस, हब ब्रांच के लिए क्रेडिट शाखा के रूप में कार्य करती हैं। अतः यह पूरा सेटअप एसेट मैनेजमेंट हब्स (एएमएच)कहलाता है। बैंक में निश्चित समय अवधि में, गुणवत्तापूर्ण ऋण स्वीकृति एवं सूक्ष्म प्रबंधन हेतु बैंक के सभी 11 क्षेत्रीय कार्यालयों के अधीन 627 शाखाओं को कुल 11 एएमएच (एसेट मैनेजमेंट हब्स) से जोड़ा गया है, इस प्रकार बैंक की शत-प्रतिशत शाखाएं हब से जुड़ चुकी है। एसेट मैनेजमेंट हब्स के सम्पूर्ण कार्य का नियंत्रण, पर्यवेक्षण तथा समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी करने का कार्य कॉपोरिट कार्यालय स्तर पर सीएलपीसी द्वारा किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एएमएच द्वारा 141350 प्रकरणों के माध्यम से ₹5900.97 करोड़ के ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई जो कि बैंक द्वारा वर्ष के दौरान कुल स्वीकृत ऋण का 74.79 प्रतिशत है।

(12) ऋण एवं अग्रिम बकाया

आलोच्य वर्ष में CLPC का सुचारू रूप से संचालन प्रारम्भ हुआ है एवं बैंक द्वारा उच्च मूल्य के ऋणों का वित्तपोषण प्रारम्भ किया गया है। साथ ही बैंक के सभी शाखाओं को एएमएच के माध्यम से लिंक कर दिया गया| व्यावसायिक बैंकों की भाँति वैयक्तिक खंड एवं एसएमई खंड के उच्च मूल्य वर्ग के ग्राहकों हेतु बेहतर कस्टमर सर्विस प्रदान करने हेतु RMPSL(Relationship

Manager- Priority Sector Lending) की अवधारणा लागू की गयी | ऋणों में वृद्धि हेतु विशेष प्रयास किये जाने के परिणामस्वरूप ऋण एवं अग्रिमों में ₹1817.23 करोड़ की बढोतरी करते हुए 18.18% (गत वर्ष 24.41%) की वृद्धि दर्ज की गई है।

ऋण एवं अग्रिमों का तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार है –

(राशि लाख में)

क्र.	विवरण	31.03.2024	31.03.2025	31.03.2026
1.	कुल बकाया ऋण एवं अग्रिम	803367.70	999439.64	1181163.02
2.	कुल बकाया ऋण एवं अग्रिम में से			
	i कृषि अल्पावधि ऋण	170820.03	259932.55	298060.10
	ii) कृषि मध्यावधि ऋण/कृषि दीर्घावधि ऋण	59334.93	49857.95	62877.16
	कुल कृषि ऋण	230154.96	309790.50	360937.26
	अंतर सहभागिता के अंतर्गत प्रायोजक बैंक को अंतरित ऋण	0.00	0.00	0.00
	शुद्ध कृषि ऋण	230154.96	309790.50	360937.26
	iii) विनिर्माण उद्योग एवं खादी और ग्रामोद्योग	29936.81	40406.94	52275.87
	iv) सेवा एवं व्यापार	109397.85	82643.17	127845.03
	v) अन्य उपभोग ऋण	433878.01	566599.03	640104.85
	कुल गैरकृषि ऋण	573212.67	689649.14	820225.75
3.	कुल बकाया अग्रिम में से			
	i) प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण	481520.12	565479.47	738420.29
	ii) गैर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण	321847.58	433960.17	442742.73
	कुल बकाया अग्रिम में से			
	i) अनुसूचित जाति/ जनजाति को ऋण	219317.54	265873.99	303203.47
	ii) अल्पसंख्यकों को ऋण	16901.44	37146.04	41917.09
	iii) लघु/सीमांत/कृषक/खेतिहर मजदूरों को ऋण	120457.19	135674.89	234162.42

(13) ऋण वितरण

बैंक द्वारा लक्ष्य समूह के अंतर्गत आने वाले कमजोर एवं गरीब वर्ग के साथ-साथ गैर लक्ष्य समूह के अंतर्गत भी वित्तपोषण किया जा रहा है। साख जमा अनुपात में तेज वृद्धि हेतु सावधि ऋणों के तहत आवास ऋण, कार ऋण इत्यादि के विशेष अभियान चलाये गये, जिनमें बैंक को आशातीत सफलता प्राप्त हुई। उच्च मूल्य के गुणवत्तायुक्त ऋणों में वृद्धि हेतु बैंक स्तर पर AMH (Asset Management Hub) का गठन किया गया है। ऋण उत्पादों को अधिक प्रतियोगी एवं बाजार अनुकूल बनाने के लिए विभिन्न ऋण योजनाओं यथा- पीएम स्वनिधि, एक्सप्रेस क्रेडिट, कार ऋण, शिक्षा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, दोपहिया वाहन ऋण, एनआरएलएम आदि के परिपत्रों में संशोधन किया गया है। Mahtari Shakti Rin Yojna, Loan for Roof Top Solar, Doctor Plus Scheme, Loan to Contractors, Kisan Samridhi & Home Equity आदि हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गए है, जिसके सुपरिणाम प्राप्त हो रहे हैं। वित्तीय वर्ष में बैंक द्वारा कुल ₹4042.81 करोड़ का नया ऋण वितरित किया गया। वर्ष के दौरान ऋण वितरण की जानकारी निम्नानुसार है-

(राशि लाख में)

क्र.	विवरण	31.03.2024	31.03.2025	31.03.2026
1.	कुल ऋण वितरण	600275.19	842283.22	762179.46
2.	कुल ऋण वितरण में से			
I	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण	419209.96	582305.82	550036.43
ii	गैर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण	181065.22	259977.40	212143.03
iii	अनुसूचित जाति/जनजाति को ऋण	108476.41	113967.16	157732.26
iv	लघु/सीमांत/कृषक/खेतिहर मजदूरों को ऋण	111948.33	108638.08	206655.78
v	अल्पसंख्यकों को ऋण	16901.46	20072.61	19675.43

(14) कृषि ऋण

आलोच्य वर्ष के दौरान क्रॉप लोन में ₹262903.34 लाख एवं अन्य कृषि ऋण खंड में ₹34331.56 लाख अर्थात कुल ₹297234.90 लाख कृषि ऋण वितरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि ऋण वितरण ₹247462.62 लाख था। वर्तमान वित्तीय वर्ष में कृषि सावधि ऋणों एवं केसीसी में बढ़ोत्तरी हेतु विशेष कैंप (केसीसी Saturation) का आयोजन किया गया। वर्ष के दौरान कुल 19786 नए केसीसी, 2070 केसीसी-पशुपालन एवं 27 केसीसी मत्स्य पालन जारी किया गया।

(15) किसान क्रेडिट कार्ड

भारत सरकार एवं नाबार्ड के निर्देशानुसार वर्ष 2012 से संशोधित किसान क्रेडिट कार्ड योजना लागू की गई है। इसके अनुसार कृषकों को 5 वर्ष की अवधि हेतु किसान क्रेडिट कार्ड ऋण स्वीकृत किया जाता है। सीबीएस प्लेट फार्म में अल्पावधि कृषि ऋण हेतु कृषकों का केसीसी सह बचत खाता (KCC Cum SB A/C) खोला जाता है। केसीसी सह बचत खाते में क्रेडिट बैलेंस पर किसानों को बचत खाते में लागू ब्याज दर के अनुसार ब्याज का भुगतान किया जाता है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 19786 नवीन केसीसी (राशि-₹ 311.72 करोड़) ऋण स्वीकृत किए गए। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पशुपालन एवं मत्स्य व्यवसाय में संलग्न किसानों को केसीसी योजना के तहत ऋण वितरण हेतु विशेष अभियान चलाया गया। वित्तीय वर्ष के दौरान डेयरी हेतु कुल 2070 किसानों को ₹25.75 करोड़ एवं मत्स्य पालन हेतु 27 किसानों को ₹0.50 करोड़ के केसीसी जारी किए गए हैं।

(16) संयुक्त देयता समूह

संयुक्त देयता समूहों को कृषि आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ, गैर-कृषि कार्य हेतु भी वित्तपोषण किया जाता है। मौखिक पट्टेदारों, बंटाई पर फसल करने वालों और जोत भूमि के उचित स्वत्वाधिकार न रखने वाले छोटे किसानों के संयुक्त देयता समूहों को ऋण वितरण किया जाता है। इसी प्रकार सूक्ष्म उद्यमी/शिल्पकार/दस्तकार/व्यक्तिगत गैर-कृषि आर्थिक व्यावसायिक गतिविधि में भी ऋण स्वीकृत किया जाता है। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य खेती करने वाले ऐसे किसानों को लाभान्वित करना है, जिनके पास अपनी वैयक्तिक क्षमता में बैंक ऋण प्राप्त करने हेतु, देने के लिये पर्याप्त जमानत (कोलैट्रल) नहीं है। एनजीओ के माध्यम से संयुक्त देयता समूह के गठन एवं लिकेंज में वांछित प्रगति हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

(17) शासकीय प्रायोजित योजना

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान शासकीय प्रायोजित विभिन्न योजनान्तर्गत निम्नानुसार वित्तपोषण किया गया –

(राशि लाख में)

क्र.	शासकीय योजना का नाम	प्राप्त प्रकरण		स्वीकृतकरण	
		संख्या	राशि	संख्या	राशि
1	एनआरएलएम	70428	309015.95	66494	221727.35
2	पीएमईजीपी				
	i) केवीआईसी	9	82.00	2	62.67
	ii) केवीआईबी	300	2562.12	94	850.38
	iii) डीआईसी	525	5570.01	183	1855.17
	उप-योग	834	8214.14	279	2768.23
3	स्वयंसिद्धा-लखपति दीदी	7255	8529.04	3529	4193.23
4	प्रधानमंत्री स्वनिधि	2988	517.17	2326	405.57
5	पीएम सूर्य घर	12352	24192.19	5483	10679.23

(18) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु शिक्षा ऋण में ब्याज अनुदान योजना (CSIS Scheme)

भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय की आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों हेतु लागू ब्याज अनुदान योजना शैक्षणिक वर्ष 2009-10 से लागू है। ऐसे छात्र जिन्होंने मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान, आईआईएम, केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा गठित संस्थान एवं अन्य मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में तकनीकी/व्यवसायिक शिक्षा (12 वीं कक्षा के पश्चात्) हेतु दाखिला लिया हो, इस योजना के अंतर्गत पात्र होंगे। प्रति वर्ष वित्तीय वर्ष समाप्ति पश्चात् केनरा बैंक के वेब पोर्टल में पात्र ऋणियों की ब्याज राशि राहत हेतु डाटा अपलोड किया जाता है।

(19) मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना (MMUSRBAY)

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में कमजोर वर्ग के छात्रों द्वारा लिये गये शिक्षा ऋणों पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ब्याज अनुदान हेतु "मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना" शैक्षणिक सत्र 2012-13 से लागू की गई है।

योजना का उद्देश्य शिक्षार्थियों को मोरेटोरियम अवधि के उपरांत नियमित भुगतान की स्थिति में ऋण राशि के ब्याज भार में छूट प्रदान करना है। ब्याज अनुदान दावा हेतु नोडल बैंक, केनरा बैंक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 46 पात्र छात्रों की दावा राशि ₹8,48,829/-केनरा बैंक के वेब पोर्टल में अपलोड की गई है।

(20) प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY 2.0)

भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय द्वारा जनगणना 2011 के अनुसार सभी 6039 सांविधिक कस्बों (छत्तीसगढ़ के 194 कस्बे शामिल) में EWS/LIG वर्गों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए दिनांक 17/06/2015 से क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम के तहत 'प्रधानमंत्री आवास योजना' प्रारंभ की गई थी। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (PMAY 2.0) की घोषणा वर्ष 2024 के केन्द्रीय बजट में की गयी है। उक्त योजना दिनांक 01/09/2024 से लागू की गयी है।

(21) साख वृद्धि हेतु विशेष अभियान

आलोच्य वर्ष के दौरान ऋण व्यवसाय वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैंक में निम्नांकित विशेष अभियान चलाए गए :-

(अ) फेस्टिवल ऑफर : आवास एवं कार ऋण अभियान पब्लिक आवास एवं कार ऋणों को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर प्रोसेसिंग फीस में छूट दी गई। इससे वर्ष के दौरान आवास ऋण के कुल 1152 खातों में ₹ 31207.64 लाख तथा कार ऋण के 1859 खातों में ₹ 17728.40 लाख के ऋण स्वीकृत/वितरित किये गये।

(ब) स्व-सहायता समूह बैंक लिंकेज : स्व सहायता समूहों के गठन एवं लिंकेज बैंक की प्राथमिकता हैं। अधिकाधिक समूहों को लिंकेज करने के उद्देश्य से बैंक द्वारा नाबार्ड के सहयोग से सेल्फ हेल्प प्रमोशन इंस्टीट्यूशन्स (एसएचपीआई) के रूप में कार्य किया जा रहा है। नक्सल प्रभावित जिलों (एलडब्ल्यूई) में एनजीओ के माध्यम से स्व सहायता समूह का गठन एवं लिंकेज किया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अन्तर्गत वर्ष के दौरान कुल 60878 स्व सहायता समूहों का लिंकेज कर ₹119162.50 लाख की राशि स्वीकृत/वितरित की गई।

(स) सीआरजीबी ओलंपिक कैंपेन : व्यवसाय वृद्धि हेतु बैंक के द्वारा सीआरजीबी ओलिंपिक कैंपेन चलाया गया था। जिसका मुख्य उदेश्य CD Ratio में सुधार, शासकीय योजनान्तर्गत व प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋण स्वीकृत करना था। उक्त कैंपेन में शाखाओं द्वारा कुल ₹629.39 करोड़ के ऋण स्वीकृत किये गए।

(द) सीआरजीबी Achievers Day Out : व्यवसाय वृद्धि हेतु बैंक के द्वारा सीआरजीबी Achievers Day Out कैंपेन चलाया गया था। जिसमे शाखाओ ने कुल ₹153.14 करोड़ के ऋण स्वीकृत किये।

(22) आय अभिज्ञान एवं आस्तियों का वर्गीकरण (IRAC)

भारतीय रिजर्व बैंक के मानदण्डों के अनुसार बैंक में आय अभिज्ञान एवं आस्तियों के वर्गीकरण हेतु प्रावधान किये गये हैं जिनका तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार है-

(अ) आस्तियों का वर्गीकरण : चालू वर्ष के अंत में मानक आस्तियाँ 98.00% तथा गैरलाभकारी आस्तियाँ 2.00% हैं, जिनका तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार है-

(राशि लाख में)

क्र.	आस्तियों का वगगीकरण	31.03.2024		31.03.2025		31.03.2026	
		आस्तियां	प्रावधान	आस्तियां	प्रावधान	आस्तियां	प्रावधान
1.	मानक आस्तियां	787293.48	2371.63	977999.21	3011.20	1157506.17	3836.94
2.	अवमानक आस्तियां	9494.31	9494.31	12522.14	12,522.14	12417.06	12417.06
3.	संदिग्ध आस्तियां	6511.23	6511.23	8812.97	8,812.97	11236.85	11236.85
4.	ह्रास आस्तियां	68.68	68.68	105.32	105.32	2.94	2.94
	योग	**803367.70**	**18445.84**	**999439.64**	**24451.63**	**1181163.02**	**27493.79**
Provision Coverage Ratio			**100.00%**		**100.00%**		**100.00%**

(ब) प्रावधान कवरेज अनुपात(PCR) : गत वर्ष के 100% के स्तर को maintain रखा गया है।

(स) प्रावधान : बैंक द्वारा गैरलाभकारी आस्तियों के विरुद्ध भारतीय रिजर्व बैंक के मानदण्डों के अनुरुप प्रावधान किया गया है। बैंक के कुल संचित प्रावधान की जानकारी निम्नानुसार है-

(राशि लाख में)

क्र.	विवरण	31.03.2024	31.03.2025	31.03.2026
1.	एनपीए के विरुद्ध की जाने वाली वास्तविक प्रावधान राशि	5508.58	7338.04	6351.20
2.	निवेशों के मूल्यांकन प्रावधान	0.00	0.00	0.00
3.	अन्य (एनपीए के विरुद्ध अतिरिक्त प्रावधान)	10565.63	14102.39	17305.85
	कुल प्रावधान	**16074.21**	**21440.43**	**23656.85**

(द) गैरलाभकारी आस्तियों का प्रबंधन : गैरलाभकारी आस्तियों में कमी हेतु बैंक द्वारा लगातार प्रयास किया गया है। गैरलाभकारी आस्तियों में परिवर्तन की तुलनात्मक जानकारी निम्नानुसार है-

(राशि लाख में)

क्र.	विवरण	31.03.2024	31.03.2025	31.03.2026
1.	वर्ष के प्रारंभ में गैरलाभकारी आस्तियां	14,564.79	16,074.21	21440.43
2.	वर्ष के दौरान गैरलाभकारी आस्तियों की वसूली / अपग्रेडेशन	5,153.79	6196.49	7929.52
3.	वर्ष के दौरान गैरलाभकारी आस्तियों का अपलेखन	2,831.09	959.43	2271.08
4.	वर्ष के दौरान गैरलाभकारी आस्तियों में वृद्धि	9,494.30	12,522.14	12417.02

5	वर्ष के अंत में गैरलाभकारी आस्तियाँ	16,074.21	21,440.43	23656.85
6	प्रावधान घटाने के बाद कुल गैरलाभकारी आस्तियाँ	0.00	0.00	0.00
7	प्रावधान घटाने के बाद कुल अग्रिम	787293.48	977999.21	1157506.17
8	गैरलाभकारी आस्तियों का कुल अग्रिम में प्रतिशत	2.00%	2.15%	2.00%
9	शुद्ध ऋण में शुद्ध गैरलाभकारी आस्तियों का प्रतिशत	0.00%	0.00%	0.00%

(इ) ऋणों का अपलेखन : आलोच्य वर्ष के दौरान राशि ₹22.71 करोड़ का अपलेखन किया गया। इस वर्ष अपलेखित खातों में राशि ₹11.96 करोड़ की वसूली हुई।

(23) ऋणों की वसूली

वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति पर बैंक का सकल एनपीए ₹236.57 करोड़ (कुल अग्रिम का 2.00 प्रतिशत) रहा है। इस वर्ष विभिन्न तिथियों पर आयोजित राष्ट्रिय लोक अदालतों के माध्यम से कुल ₹15.36 करोड़ की NPA व AUCA वसूली प्राप्त की गई। बैंक में लागू एकमुश्त समझौता योजना एवं सामान्य समझौता योजना के अंतर्गत कुल ₹7.58 करोड़ की वसूली प्राप्त हुई। क्षेत्रीय कार्यालय एवं कॉर्पोरेट कार्यालय स्तर से अधिकारियों द्वारा उच्च एनपीए शाखाओं का प्रवास कर एनपीए नियंत्रण हेतु कार्ययोजना बनाकर एनपीए नियंत्रण का प्रयास किया गया। सरफेसी एवं वाहन जब्ती योग्य पात्र प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही किया गया।
AUCA में वसूली के उद्देश्य से विभिन्न चरणों मे Campaign आयोजित किए गए, जिसमें बैंक स्तर पर AUCA वसूली ₹11.96 करोड़ प्राप्त की गई।
वर्ष के दौरान दिनांक 17.01.2026 को बैंक अदालत का आयोजन कर ऋणियों से ₹1.46 करोड़ की वसूली NPA खातों में की गई।
ऋणों की मांग, वसूली एवं अतिदेय का विवरण निम्नानुसार है :-

(राशि लाख में)

क्र.	विवरण	30.06.2024			30.06.2025		
		कृषि ऋण	गैर कृषि ऋण	योग	कृषि ऋण	गैर कृषि ऋण	योग
1	मांग	195462.10	232234.44	427696.54	224781.41	267069.60	491851.01
2	वसूली	178041.51	223404.74	401446.25	205747.74	256915.45	462663.19
3	अतिदेय	17,420.59	8,829.70	26250.29	19033.67	10154.15	29187.82
4	वसूली %	91.09%	96.20%	93.86%	91.53%	96.19%	94.07%

अतिदेयों का अवधिवार वर्गीकरण निम्नानुसार है-

